सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 07 मई, 2022

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शनिवार को The Tons Bridge School के चेयरमैन विजय नागर व स्कूल के डायरेक्टर शैलेन्द्र बेंजामिन ने राजभवन में मुलाकात की।

श्री नागर द्वारा अवगत कराया गया की The Tons Bridge School द्वारा देश के प्रथम सीडीएस स्व. जनरल बिपिन रावत के नाम से **"जनरल बिपिन रावत डिफेंस एकेडमी"** शुरु की जा रही है। इस अकादमी में स्टूडेंट्स को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, जिनमें आरआईएमसी, आईएमए, एनडीए की तैयारी कराई जाएगी। अकादमी में 20% सीटें उत्तराखंड की वीर नारियों के बच्चों के लिए आरक्षित रहेंगी। उन्होंने अवगत कराया कि स्कूल द्वारा 'एनुअल जनरल बिपिन रावत मेमोरियल लेक्चर' भी प्रारंभ किए जाने की योजना है। जिसमें रक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों को आमंत्रित कर बच्चों को प्रेरित किया जाएगा। इसके अलावा विद्यालय द्वारा स्वर्गीय श्रीमती मधुलिका रावत के नाम से बालिका शिक्षा को बढ़ाने के लिए छात्रवृत्ति योजना चलाई जायेगी। इस एकेडमी की लीगल एडवाइजर के रूप में तारिणी रावत को नियुक्त किया जाएगा। राज्यपाल ने विद्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

............0..............